# राजस्थान समसामयिकी सितम्बर, 2023

संजीव वेबसाइट से निःशुल्क डाउनलोड करें
राजस्थान, राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय समसामयिकी ( प्रत्येक माह )
साथ ही संजीव वेबसाइट से आप E-Book भी खरीद सकते हैं।
visit us at : www.sanjivprakashan.com

# राजस्थान समसामयिकी सितम्बर, 2023
# (Current News from Daily Newspapers)

## Newspaper of 1 September, 2023

### राजस्थान की प्रवीणा अंजना ने 'मिस इंटरनेशनल इंडिया-2023' का खिताब जीता–

26 अगस्त, 2023 को राजस्थान के प्रतापगढ़ जिले की प्रवीणा अंजना ने दिल्ली के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में आयोजित 'मिस डिवाइन ब्यूटी 2023' के फाइनल में 'मिस इंटरनेशनल इंडिया 2023' का खिताब जीता। पेशे से चार्टर्ड एकाउंटेंट प्रवीणा अब जापान में 'मिस इंटरनेशनल 2023' में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी।

### राजस्थान की प्रियन सेन ने 'मिस अर्थ इंडिया-2023' जीता–

हाल ही में सीकर (राजस्थान) की प्रियन सेन ने दिल्ली के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में आयोजित मिस अर्थ इंडिया-2023 का खिताब अपने नाम किया हैं। वह यह खिताब जीतने वाली राजस्थान की पहली सुन्दरी है। प्रियन सेन दिसम्बर 2023 में वियतनाम में आयोजित होने वाले 'इंटरनेशनल ब्यूटी पीजेंट मिस अर्थ-2023' में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी।

### राज्य-स्तरीय संस्कृत विद्वान समारोह का आयोजन हुआ–

29 अगस्त, 2023 को राज्य-स्तरीय संस्कृत विद्वान समारोह का आयोजन जयपुर बिड़ला ऑडिटोरियम में किया गया। इस समारोह में संस्कृत भाषा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले विद्वानों तथा संस्थाओं का सम्मान किया गया, जो निम्न हैं–

- **संस्कृत साधना शिखर सम्मान**–पं. सांवर मल शर्मा (पुरस्कार राशि : ₹ 1 लाख)।
- **संस्कृत साधना सम्मान**–डॉ. दीरघराम रामस्नेही एवं डॉ. गजानन मिश्र (पुरस्कार राशि : ₹ 51-51 हजार)।
- **संस्कृत-विद्वत्सम्मान**–डॉ. विश्वम्भर दयाल जोशी, डॉ. शीतल चन्द जैन, प्रो. (श्रीमती) भगवती सुदेश, कौशलदत्त शर्मा, पं. गौरीशंकर शर्मा तथा डॉ. देवेन्द्र चतुर्वेदी (पुरस्कार राशि : ₹ 31-31 हजार)।

## Newspaper of 3 September, 2023

### राज्य सरकार ने रामलुभाया समिति का कार्यकाल 6 माह तक बढ़ाने को मंजूरी प्रदान की–

हाल ही में राज्य सरकार ने रिटायर्ड IAS रामलुभाया की अध्यक्षता में गठित उच्च स्तरीय समिति का कार्यकाल 6 माह तक बढ़ाने को मंजूरी प्रदान की है। ऐसा नए जिलों, संभागों सहित राजस्व इकाइयों के पुनर्गठन के लिए रिपोर्ट में अभी और समय लगना संभावित होने के कारण किया है।

- प्रदेश में नए जिलों के गठन के लिए मांग एवं प्रस्तावों के संबंध में राज्य सरकार को सुझाव देने के लिए 21 मार्च, 2022 को यह समिति गठित की गई थी।
- इसका कार्यकाल 13 सितम्बर, 2023 तक नियत है।
- समिति राजस्थान में नवगठित 3 संभागों एवं 17 जिलों की अन्य राजस्व इकाइयों के पुनर्गठन कार्यों को लेकर राज्य सरकार को सुझाव देगी।
- समिति के सूचना एकत्र करने, उसके परीक्षण और रिपोर्ट प्रस्तुत किए जाने में अभी समय लगना संभावित है।

## Newspaper of 6 September, 2023

### चित्तौड़गढ़ में सत्यव्रत रावत चूण्डा का पैनोरमा बनेगा–

चित्तौड़गढ़ में सत्यव्रत रावत चूण्डा का पैनोरमा बनेगा। इसकी स्थापना के लिए मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने स्वीकृति प्रदान की है। इस पैनोरमा में सत्यव्रत रावत चूण्डा के व्यक्तित्व एवं कृतित्व को प्रदर्शित किया जाएगा। मेवाड़ के महाराणा लाखा के ज्येष्ठ पुत्र सत्यव्रत चूण्डा ने पिता के वचन को निभाने के लिए राजगद्दी और राज्य की सीमाएं छोड़ दी थी।

अपने वचन पालन एवं त्याग के कारण उन्हें मेवाड़ का 'भीष्म पितामह' भी कहा जाता है।

### राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राज्य के दो शिक्षकों को राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया–

5 सितम्बर, 2023 (शिक्षक दिवस) को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने देश के 75 शिक्षकों को सम्मानित किया जिनमें राजस्थान राज्य के दो शिक्षकों को भी राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया। ये दो शिक्षक निम्न हैं–

1. अलवर की आशा सुमन
2. जोधपुर की प्रिंसिपल डॉ. शीला आसोपा

## Newspaper of 7 September, 2023

### राजस्थान में मुख्यमंत्री कामधेनु पशु बीमा योजना शुरू हुई–

6 सितम्बर, 2023 से राज्य में पशुपालकों के लिए मुख्यमंत्री

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

कामधेनु पशु बीमा याजना शुरू हुई। कामधनु पशु योजना के तहत प्रति परिवार दो दुधारू पशुओं का 40-40 हजार रुपए का नि:शुल्क बीमा किया जा रहा है। इस योजना में प्रीमियम का भुगतान राज्य सरकार द्वारा किया जाएगा।

इसके साथ-साथ मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने भीलवाड़ा में 5 लाख लीटर क्षमता के नए डेयरी संयंत्र का उद्घाटन किया तथा 931.92 करोड़ रुपए के 409 विकास कार्यों का शिलान्यास एवं लोकार्पण भी किया।

## Newspaper of 8 September, 2023

- **मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना में राज्य के बाहर अंग प्रत्यारोपण पर 20 लाख रुपए तक पुनर्भरण हो सकेगा–**

हाल ही में जारी राज्य सरकार की गाइडलाइन के अनुसार मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजनान्तर्गत किडनी, हार्ट, लंग्स आदि अंग प्रत्यारोपण राज्य सहित बाहर के किसी भी अस्पताल में कराने के लिए पांच लाख रुपए का इलाज बीमा और 20 लाख रुपए का खर्च सरकार द्वारा ट्रस्ट मोड में वहन किया जाएगा। इसमें ट्रांसप्लांट कराने वाले मरीज को अस्पताल को भुगतान करना होगा। इलाज होने के 60 दिन में बिल पेश करना होगा, जिसके उपरान्त राज्य सरकार द्वारा राशि का पुनर्भरण किया जाएगा।

## Newspaper of 9 September, 2023

- **बूंदी में 'बून्दा मीणा' एवं जोधपुर में 'महर्षि नवल पैनोरमा' बनेगा–**

राज्य सरकार ने बूंदी एवं जोधपुर में दो पैनोरमा बनाने की स्वीकृति प्रदान की है, ये निम्न हैं–

(1) बूंदी के संस्थापक 'बून्दा मीणा' के नाम पर बूंदी के गांव बंदी में पैनोरमा बनेगा।

(2) दलितों के उत्थान और निचली जाति के लोगों को एकजुट करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले 'महर्षि नवल' के नाम पर जोधपुर के गांव केरु में पैनोरमा बनेगा।
इन पैनोरमा में दोनों विभूतियों 'बून्दा मीणा' एवं 'महर्षि नवल' के व्यक्तित्व एवं कृतित्व का प्रदर्शन होगा।

- **राज्य सरकार ने बीकानेर में आई-स्टार्ट इनोवेशन स्कूल हब की स्थापना को मंजूरी प्रदान की–**

सितम्बर, 2023 में राज्य सरकार ने बीकानेर में आई-स्टार्ट इनोवेशन स्कूल हब की स्थापना को मंजूरी प्रदान की है। आई-स्टार्ट इनोवेशन स्कूल हब का निर्माण जोधपुर के फिनटेक डिजिटल विश्वविद्यालय, जयपुर के भामाशाह डेटा सेन्टर तथा ई-गवर्नेंस सेंटर बिल्डिंग की तर्ज पर किया जाएगा। आई-स्टार्ट इनोवेशन स्कूल हब का निर्माण कार्य सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग द्वारा कराया जाएगा।

## Newspaper of 11 September, 2023

- **राजस्थान में 'इंदिरा रसोई योजना (ग्रामीण)' का शुभारम्भ हुआ–**

10 सितम्बर, 2023 को 'इंदिरा रसोई योजना (ग्रामीण)' का शुभारम्भ मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने किया। इसकी शुरुआत टोंक जिले के निवाई क्षेत्र से हुई। राज्य में 1000 इंदिरा रसोई योजना (ग्रामीण) शुरू की जाएंगी, जिनमें से 400 को 10 सितम्बर, 2023 को एक साथ शुरू किया गया है। इस योजना को 5 हजार से अधिक आबादी वाले ग्रामीण कस्बों में प्रारम्भ किया जा रहा है। इंदिरा रसोई योजना में मात्र 8 रुपए में भोजन की थाली उपलब्ध करवायी जाती है।

## Newspaper of 13 September, 2023

- **विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सी.पी. जोशी ने चम्बल रिवर फ्रंट का उद्घाटन किया–**

12 सितम्बर, 2023 को कोटा बैराज से नयापुरा पुलिया तक 2.75 किमी. लम्बे 1442 करोड़ रुपए की लागत से बने चंबल रिवर फ्रंट का विधानसभा अध्यक्ष सी.पी. जोशी ने उद्घाटन किया।
चंबल रिवर फ्रंट के दोनों तटों पर 27 घाट बनाए गए हैं। जो चंबल माता घाट, गणेश पोल, मरुघाट, जंतर-मंतर घाट, विश्व मैत्री घाट, महात्मा गांधी सेतु, हाड़ौती घाट, कनक महल, फव्वारा घाट, रंगमंच घाट, साहित्य घाट, उत्सव घाट, सिंह घाट, नयापुरा गार्डन, जवाहर घाट, गीता घाट, शान्ति घाट, नन्दी घाट, वैदिक घाट, रोशन घाट, घंटी घाट, तिरंगा घाट, शौर्य घाट, राजपूताना घाट, जुगनू घाट, हाथी घाट और बालाजी घाट हैं।
रिवर फ्रंट में खास आकर्षण में चंबल माता घाट के साथ ही गार्डन विकसित किया गया है। इसमें खूबसूरत म्यूजिकल फाउण्डेशन लगाया गया है। इस घाट पर 42 मीटर ऊँची चम्बल माता की मूर्ति स्थापित की गई है, मुकुट महल में रिवर फ्रंट का विशालकाय मॉडल, संग्रहालय एवं व्यू पॉइंट्स का निर्माण भी किया गया है।

- **ब्रजभाषा रचनाकार सम्मान समारोह का आयोजन हुआ–**

12 सितम्बर, 2023 को कला, साहित्य, संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग के अन्तर्गत 'राजस्थान ब्रजभाषा अकादमी' के द्वारा जयपुर के झालाना स्थित अकादमी संकुल परिसर में 'ब्रजभाषा रचनाकार सम्मान समारोह' का आयोजन किया गया। इस सम्मान समारोह में ब्रजभाषा की पाँच साहित्य विधाओं के अंतर्गत 15 विजेताओं को सम्मानित किया गया।

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

**पुरस्कृत साहित्यकार निम्न रहे–**

- **आलेख विधा–**डॉ. रामदास शर्मा (प्रथम स्थान), निर्मल कुमार सिंहल (द्वितीय स्थान) एवं अश्विनी गोयल (तृतीय स्थान)।
- **समस्यापूर्ति विधा–**अभिषेक (प्रथम स्थान), कमल सिंह कमल (द्वितीय स्थान) एवं कल्याण गुर्जर (तृतीय स्थान)।
- **लघुकथा कहानी विद्या–**जगदीश मोहन रावत (प्रथम स्थान), रघुराज सिंह कर्मयोगी (द्वितीय स्थान) एवं गोपीनाथ (तृतीय स्थान)।
- **संस्मरण विधा–**राजाराम भादू (प्रथम स्थान), किशनवीर यादव (द्वितीय स्थान) एवं अनन्या (तृतीय स्थान)।
- **लोकगीत विद्या–**हरिशचन्द्र हरि (प्रथम स्थान), शिवराम शिव (द्वितीय स्थान) एवं सर्वोत्तम त्रिवेदी (तृतीय स्थान)।

सभी विधाओं में प्रथम विजेता को ₹ 11,000, द्वितीय को ₹ 7100 और तृतीय स्थान प्राप्त विजेता को ₹ 3100 की राशि से पुरस्कृत किया गया।

## Newspaper of 14 September, 2023

### ■ मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कोटा में ऑक्सीजन सिटी पार्क 'द गार्डन ऑफ जॉय' का लोकार्पण किया–

13 सितम्बर, 2023 को मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कोटा में ऑक्सीजन सिटी पार्क 'द गार्डन ऑफ जॉय' का लोकार्पण किया। इस सिटी पार्क के निर्माण में 120 करोड़ रुपए खर्च हुए हैं। 'द गार्डन ऑफ जॉय' उपनाम से सुशोभित यह सिटी पार्क प्राकृतिक सौन्दर्य से भरपूर एक भव्य उद्यान है।

ऑक्सीजन सिटी पार्क 'द गार्डन ऑफ जॉय' विशेष—

- पार्क विस्तार क्षेत्र 30 हेक्टेयर में तथा लागत 120 करोड़ रुपए है।
- इसके निर्माण में 800 दिन लगे।
- ट्रैक की लम्बाई 4 किलोमीटर है।
- नहर के सहारे जॉगिंग ट्रैक की लम्बाई 1.25 किलोमीटर है।
- कैनाल की लम्बाई 1.04 किलोमीटर, चौड़ाई 12-15 मीटर है।
- नए पौधे 2 लाख से अधिक लगाए गए हैं।
- पक्षीशाला (एवियरी) की क्षमता 200 विदेशी-देशी पक्षी है।
- पार्क में 85% हरियाली प्राकृतिक तरीके से विकसित की गई है।
- गन मेटल से बनी 15 मीटर ऊँची तीन प्रतिमाएं-ट्री मैन, नॉलेज इज फ्रीडम और सेव द अर्थ भी यहाँ लगाई गई हैं।
- ग्लास हाउस 13 गुना 28 मीटर है।
- आर्टिफिशियल पहाड़ी (आर्ट हिल) विकसित की गई है।
- 3डी मैपिंग के लिए 12 गुना 12 गुना 9 मीटर आकार का इन्वेंट पिरामिड बनाया गया है।
- डक पौंड का आकार 10 मीटर की ऊँचाई पर 45 गुना 40 मीटर है।
- एक झरना, लम्बाई 320 मीटर है।
- नहर पर 2 स्टोन ब्रिज, 1 वुडन ब्रिज और 1 रेम्पब्रिज है।
- फूड जोन, कैफे, सिटी बाजार, एम्पीथियेटर, किड्स जोन तथा ओपन जिम की व्यवस्था भी है।

## Newspaper of 17 September, 2023

### ■ राजस्थान ग्रीन हाइड्रोजन नीति-2023 के प्रारूप का अनुमोदन किया गया–

राजस्थान में स्वच्छ ऊर्जा स्रोत की तलाश और निवेशकों के प्रोत्साहन के लिए 'राजस्थान ग्रीन हाइड्रोजन नीति-2023' लाई जा रही है, जिसके प्रारूप का अनुमोदन मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा किया गया।

राज्य सरकार नीति के तहत निवेशकों को प्रोत्साहन देने के लिए विभिन्न सुविधाएं देगी। इनमें राज्य के प्रसारण तंत्र पर स्थापित होने वाले 500 केटीपीए अक्षय ऊर्जा प्लांट को 10 वर्षों तक प्रसारण एवं वितरण शुल्क में 50 प्रतिशत छूट, थर्ड पार्टी से अक्षय ऊर्जा खरीदने पर अतिरिक्त एवं क्रॉस सब्सिडी सरचार्ज में 10 वर्ष तक पूर्ण छूट दी जाएगी।

परिशोधित या खारे जल से ग्रीन हाइड्रोजन उत्पादन के लिए भूमि आवंटन में प्राथमिकता एवं अनुसंधान केन्द्र की स्थापना के लिए 30 प्रतिशत (अधिकतम 5 करोड़ रुपए) अनुदान मिलेगा। इसके अतिरिक्त रिप्स-2022 के तहत विभिन्न छूट, जल की उपलब्धता एवं बैंकिंग सुविधाएं भी दी जाएंगी। कैप्टिव पावर प्लांट की क्षमता एवं उत्पादित बिजली की बैंकिंग पर कोई प्रतिबंध नहीं होगा।

इसके साथ ही पीक आवर्स के दौरान बिजली निकासी पर लगी रोक भी नवीन नीति में हटा दी गई है। राजस्थान ग्रीन हाइड्रोजन नीति-2023 के तहत विद्युत संयंत्रों के लिए व्हीलिंग एवं ट्रांसमिशन शुल्क 100 प्रतिशत प्रतिपूर्ति/छूट होगी।

## Newspaper of 18 September, 2023

### ■ राजस्थान की तीन योजनाओं को गोल्ड एवं सिल्वर अवॉर्ड मिले–

राजस्थान सरकार की सामाजिक सुरक्षा से जुड़ी योजनाओं को नवाचार के लिए इस साल राष्ट्रीय स्तर के प्रतिष्ठित स्कॉच अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है। सामाजिक न्याय एवं

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

अधिकारिता विभाग की तीन महत्त्वपूर्ण योजनाओं को यह अवॉर्ड मिले। पालनहार योजना को गोल्ड अवॉर्ड, उत्तर मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना को सिल्वर अवॉर्ड और मुख्यमंत्री कन्यादान योजना को सिल्वर अवॉर्ड से नवाजा गया।

पालनहार योजना को डिजिटलीकरण, डाइरेक्ट बेनेफिट ट्रांसफर, ऑनलाइन प्रक्रिया का सरलीकरण करते हुए पारदर्शी तरीके से संचालित किया जा रहा है। इस योजना में भी पेंशन योजना की तर्ज पर केन्द्रीयकृत प्रणाली के माध्यम से निदेशालय स्तर से ही बिल बनाकर सिंगल ट्रेजरी के जरिए भुगतान किया जाना सुनिश्चित किया गया है।

उत्तर मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना में समय से भुगतान कराने के उद्देश्य से आवेदन एवं प्रक्रिया में सरलीकरण कर एवं तकनीक का उपयोग कर उसे विद्यार्थियों के लिए बहुत आसान एवं सुविधाजनक बनाया गया है, ताकि छात्रवृत्ति जल्द से जल्द स्वीकृत होकर विद्यार्थी को मिल सके और वह अपनी पढ़ाई पूरी कर सके।

### ■ राजस्थान उद्योग रत्न पुरस्कारों का वितरण किया गया–

17 सितम्बर, 2023 को उद्योग एवं वाणिज्य विभाग द्वारा वर्ष 2022-23 हेतु राजस्थान उद्योग रत्न पुरस्कार योजना के तहत् विभिन्न श्रेणियों में पुरस्कारों का वितरण एमएसएमई दिवस पर किया गया। सूक्ष्म, लघु, मध्यम उद्यम श्रेणी में कुल 9 उद्यमियों को 'राजस्थान उद्योग रत्न पुरस्कार', 2 बुनकरों को 'श्रेष्ठ बुनकर पुरस्कार' एवं 1 हस्तशिल्पी को 'हस्तशिल्प रत्न पुरस्कार' प्रदान किए जाने की घोषणा की गई है।

- ♦ श्रेष्ठ बुनकर पुरस्कार–जेबु निशा (कैथून, कोटा) एवं मोहम्मद यासीन (बाराँ) को संयुक्त रूप से।
- ♦ **हस्तशिल्प रत्न पुरस्कार**–इन्दर सिंह कुदरत (जयपुर) को।

## Newspaper of 21 September, 2023

### ■ राज्य में शिल्प एवं माटी कला बोर्ड का नाम 'श्री यादे माटी कला बोर्ड' किया गया–

राज्य सरकार ने राज्य के शिल्प एवं माटी कला बोर्ड का नाम 'श्री यादे माटी कला बोर्ड' किया है। यह बोर्ड मिट्टी से काम करने वाले दस्तकारों की आय में वृद्धि, तकनीकी प्रशिक्षण एवं उन्नत किस्म के औजार उपलब्ध कराने, मेलों एवं प्रदर्शनियों से जोड़ने और आधारभूत सुविधाएं विकसित करने के लिए कार्य करेगा।

### ■ राजस्थान राज्य क्रीड़ा संस्थान जोधपुर में स्थापित होगा–

राजस्थान सरकार ने राज्य बजट घोषणा के क्रम में जोधपुर में राजस्थान राज्य क्रीड़ा संस्थान की स्थापना के प्रस्ताव का अनुमोदन किया। इससे राज्य में अत्याधुनिक खेल प्रशिक्षण केन्द्र स्थापित हो सकेगा।

### ■ राज्य सरकार ने बायोमास एवं वेस्ट टू एनर्जी नीति का अनुमोदन किया; ग्रीन हाइड्रोजन नीति-2023 को भी मंजूरी मिली–

सितम्बर, 2023 में राज्य सरकार ने बायोमास एवं वेस्ट से ऊर्जा उत्पादन एवं थर्मल पॉवर प्लांट में बायोमास की को-फायरिंग को प्रोत्साहन देने के लिए 'राजस्थान बायोमास एवं वेस्ट टू एनर्जी नीति-2023' का अनुमोदन किया है।

इससे राज्य में अवशेष बायोमास एवं कचरे से विद्युत उत्पादन को बढ़ावा मिलेगा, जिससे राज्य में अवशेष बायोमास को जलाने की आवश्यकता नहीं होगी तथा ठोस कचरे का भी बेहतर निस्तारण हो पाएगा। इनसे सम्बन्धित उपक्रमों की निर्माण इकाइयों से राज्य में निवेश एवं रोजगार की संभावनाएं बढ़ेंगी।

### ■ चंबल नदी पर हाईलेवल ब्रिज बनेगा–

चंबल नदी पर कोटा जिले के इटावा उपखण्ड क्षेत्र के झरेल के बालाजी के पास 1880 मीटर लम्बा हाईलेवल ब्रिज बनेगा। यह ब्रिज इटावा, बारां और मध्य प्रदेश के सीमावर्ती जिलों से सवाई माधोपुर और जयपुर को जोड़ने का काम करेगा। हाल ही में इस ब्रिज के लिए केन्द्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्रालय ने स्वीकृति जारी की है।

## Newspaper of 22 September, 2023

### ■ मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने 1410 करोड़ रुपए के विकास कार्यों का लोकार्पण व शिलान्यास किया–

21 सितम्बर, 2023 को मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने निम्न विकास कार्यों का लोकार्पण व शिलान्यास किया–

**लोकार्पण**

- ♦ नेहरू उद्यान-लक्ष्मी मंदिर तिराहा अण्डरपास का लोकार्पण तथा स्वतंत्रता सेनानियों की मूर्तियों का अनावरण। (लागत 81 करोड़ रुपए) लक्ष्मी मंदिर तिराहा जयपुर शहर का पहला ट्रेफिक सिग्नल फ्री जंक्शन बना है।
- ♦ 1530 वाहनों के लिए रामनिवास बाग भूमिगत पार्किंग का लोकार्पण। (लागत 85 करोड़ रुपए) इसका कुल एरिया 49680 वर्गमीटर है।
- ♦ आगरा रोड पर 113 हेक्टेयर भूमि पर सिल्वन पार्क का लोकार्पण। (लागत 8 करोड़ रुपए) इसमें 13 किमी. फायरलेन, 2 तलाई/पोखर, चट्टानें आदि हैं।

**शिलान्यास**

- ♦ श्री गोविंद देव जी मंदिर क्षेत्र में विकास कार्य का शिलान्यास। (120 करोड़ रुपए खर्च होंगे)
- ♦ गलता गेट के समीप स्थित ईदगाह क्षेत्र में सौन्दर्यीकरण और विकास कार्य का शिलान्यास। (10 करोड़ रुपए लागत)

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

- उच्च न्यायालय के सामने दो मंजिला भूमिगत पार्किंग का शिलान्यास। (50 करोड़ रुपए लागत)
- शिवदासपुरा, कानोता, बालमुकुन्दपुरा में सेटेलाइट हॉस्पिटल का शिलान्यास। (प्रत्येक पर 25-25 करोड़ रुपए खर्च होंगे)
- बड़ी चौपड़ से रामगंज के रास्ते से ट्रांसपोर्ट नगर तक (2.85 किलोमीटर) मेट्रो फेज 1 सी का शिलान्यास। (980 करोड़ रुपए खर्च होंगे)
  मेट्रो (बड़ी चौपड़ से ट्रांसपोर्ट नगर) के शिलान्यास के दौरान मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने रामनगर मेट्रो स्टेशन से बड़ी चौपड़ मेट्रो स्टेशन तक मेट्रो में सफर भी किया।

### 6वाँ राज्य वित्त आयोग का अंतिम प्रतिवदेन प्रस्तुत हुआ–

21 सितम्बर, 2023 को छठे राज्य वित्त आयोग का अंतिम प्रतिवेदन राज्यपाल कलराज मिश्र को प्रस्तुत किया गया। 6वें राज्य वित्त आयोग के अध्यक्ष प्रद्युम्न सिंह और वित्त आयोग के सदस्य अशोक लाहोटी हैं।

6वें राज्य वित्त आयोग का गठन संविधान के अनुच्छेद 243 के अन्तर्गत 12 अप्रैल, 2021 को किया गया था।

## Newspaper of 23 September, 2023

### मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने 'कॉन्स्टीट्यूशनल क्लब ऑफ राजस्थान' का उद्घाटन किया–

22 सितम्बर, 2023 को मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने विधायक नगर पूर्व (विधानसभा के पास) में कॉन्स्टीट्यूशनल क्लब ऑफ राजस्थान का उद्घाटन किया। इसे दिल्ली के कॉन्स्टीट्यूशनल क्लब की तर्ज पर बनाया गया है। यह क्लब सभी आधुनिक सुविधाओं से युक्त बनाया गया है, जहाँ विधानसभा के पूर्व सदस्य भी अपने साथियों के बीच आकर विचार मंथन कर सकेंगे। यह क्लब लोकतंत्र को मजबूत करने का एक प्लेटफॉर्म होगा। इस क्लब में विषय विशेषज्ञों के साथ ही अनुभवी सदस्यों के साथ मंथन से नए सदस्यों को अपने ज्ञान को बढ़ाने का अवसर मिलेगा।

### पीपीसी की बैठक में 1100 करोड़ रुपए की पेयजल परियोजनाओं का अनुमोदन किया गया–

22 सितम्बर, 2023 को राजस्थान वाटर सप्लाई एवं सीवरेज मैनेजमेंट बोर्ड की नीति निर्धारण समिति (पीपीसी) की बैठक में 1100 करोड़ रुपए की परियोजनाओं का अनुमोदन किया गया। यह समिति की 210वीं बैठक थी। इसमें 912.38 करोड़ रुपए की ओटीएमपी तथा 183.20 करोड़ रुपए की नई परियोजनाओं का अनुमोदन किया गया।

नई पेयजल परियोजनाएँ निम्न हैं–

- सिलिसेढ़ झील से अलवर के पुराने शहर को जलापूर्ति योजना के संवर्धन : 38.61 करोड़ रुपए।
- लालसोट (दौसा) शहरी जलापूर्ति योजना के संवर्धन : 27.64 करोड़ रुपए।
- मंडावरी (दौसा) की शहरी जलापूर्ति योजना के संवर्धन : 20.74 करोड़ रुपए।
- भरतपुर शहरी जलापूर्ति योजना के तहत पानी एवं जीर्ण-शीर्ण पाइप लाइन बदलने का कार्य : 20.79 करोड़ रुपए।
- जयपुर हेरिटेज निगम के वार्ड संख्या 5, 6 और 7 एवं कच्ची बस्ती, शास्त्री नगर को रामनगर हैडवर्क्स से जोड़ने का कार्य : 20.10 करोड़ रुपए।
- वनस्थली (टोंक) में पाइप्ड वाटर संवर्धन की योजना : 8.69 करोड़ रुपए।
- पंप हाउस गोयला से पंप हाउस तांतोती, सावर (अजमेर) तक मैन ट्रांसमिशन पाइप लाइन का कार्य : 6.16 करोड़ रुपए।
- इंदिरा गांधी नहर की जय नारायण व्यास लिफ्ट कैनाल में शेयर कॉस्ट की प्रशासनिक स्वीकृति : 19.75 करोड़ रुपए।
- पीएचईडी जयपुर सिटी डिवीजन-तृतीय की हैडवर्क्स पर न्यू फिल्टर प्लांट पुनर्गठन : 15.04 करोड़ रुपए।
- बाड़मेर के बालोतरा एवं सिवाना कस्बों में जलापूर्ति के लिए कार्य के लिए प्रशासनिक स्वीकृति : 20.21 करोड़ रुपए।

### जयपुर के गोविन्दपुरा में बायोडायवर्सिटी फॉरेस्ट का लोकार्पण–

22 सितम्बर, 2023 को जयपुर के गोविन्दपुरा में बायोडायवर्सिटी फॉरेस्ट का वनमंत्री हेमाराम चौधरी, नगरीय विकास मंत्री शांति धारीवाल तथा कृषि मंत्री लालचंद कटारिया ने लोकार्पण किया।

गोविन्दपुरा स्थित बायोडायवर्सिटी पार्क विशेष–

- लगभग 100 हेक्टेयर क्षेत्र में फैले इस बायोडायवर्सिटी फॉरेस्ट में जैव विविधता को केन्द्र में रखते हुए विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए गए हैं।
- इस वन क्षेत्र में विभिन्न प्रजाति के 25,000 लम्बे पौधे, 10,000 झाड़ीदार, 10,000 ग्राउंड कवर और 1,000 क्लाईंबर्स लगाए गए हैं।

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

- 8 किलोमीटर का भ्रमणपथ बनाया गया है।
- 6 झौंपे, 3 तलाइयां, 2 हेक्टेयर ग्रासलॉन विकसित किए गए।
- इस क्षेत्र में साइकिल ट्रैक और अन्य कार्य भी करवाए जाएंगे।
- इस लोकार्पण कार्यक्रम मे जनप्रतिनिधि, अधिकारी और आमजन मौजूद रहे।

## Newspaper of 24 September, 2023

### जयपुर के सेंट्रल पार्क में बनी 'गांधी वाटिका' का लोकार्पण हुआ–

जयपुर के सेंट्रल पार्क में बनी 'गांधी वाटिका' का मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे एवं कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने किया। इस गांधी वाटिका में राष्ट्रपिता की जीवन यात्रा का प्रदर्शन किया गया है। 85 करोड़ रुपए की लागत से बनी गांधी वाटिका की विषयवस्तु गांधीवादी विचारकों की समिति के मार्गदर्शन में तैयार की गई है। गांधी वाटिका की दीवारों पर जो तस्वीरें उकेरी गई हैं वे आजादी की लड़ाई में महात्मा गांधी के संघर्ष की यादें दिलाएंगी।

गांधी वाटिका के तीन महत्त्वपूर्ण हिस्से हैं–

**पहला हिस्सा :** वाटिका के ग्राउंड फ्लोर (भूतल) पर अंग्रेजों के भारत आगमन से लेकर गांधीजी के दक्षिण अफ्रीका प्रवास तक के कालखंड को 5 हिस्सों में अंकित किया गया है।

- वैभव की रोशनी, गुलामी का अंधेरा
- आजादी की आहट
- 1857 की बगावत और घबराए अंग्रेज
- गांधी : एक बड़े आदमी की छोटी-सी कहानी
- दक्षिण अफ्रीका : गांधी के अनुभव और उनका हृदय परिवर्तन

**दूसरा हिस्सा :** वाटिका में प्रथम तल पर महात्मा गांधी के भारत में अंग्रेजों के खिलाफ आंदोलनों एवं उनके दर्शन को प्रदर्शित किया गया है।

- स्वदेश आगमन
- गांधीमय हुआ देश
- 1942 : अंग्रेजों भारत छोड़ो
- भारत को चुनौती देती साम्प्रदायिक ताकतें
- आखिरी दिन : आखिरी प्रयोग

**तीसरा हिस्सा/खंड :** वाटिका के द्वितीय तल पर एक विशेष पुस्तकालय, सेमिनार हॉल एवं कॉन्फ्रेंस कक्ष बनाए गए हैं। कॉन्फ्रेंस कक्ष को तीन भागों में बांटा गया है–

- राजस्थान ने पकड़ी गांधी की राह
- गांधी : अपने आइने में मैं
- गांधीजी के सपनों का संसार

इसके अलावा गांधी वाटिका में भवन निर्माण में सादगी एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए विशेष रूप से मिट्टी की दीवारें तैयार की गई हैं। इसमें केलु की छत लगाई गई है तथा साथ ही 14 हजार पेड़-पौधे भी लगाए गए हैं।

## Newspaper of 25 September, 2023

### उदयपुर-जयपुर के बीच चलने वाली राजस्थान की तीसरी वन्दे भारत ट्रेन शुरु हुई–

24 सितम्बर, 2023 को उदयपुर-जयपुर के बीच चलने वाली राजस्थान की तीसरी वन्दे भारत ट्रेन शुरू हुई। इसे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्चुअली रूप से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। गौरतलब है कि 24 सितम्बर, 2023 को पीएम नरेन्द्र मोदी ने 9 वन्दे भारत ट्रेनों को वर्चुअली रूप से हरी झंडी दिखाई। वर्तमान में अब तक देश भर में 34 वन्दे भात ट्रेनों का संचालन शुरू हो चुका है।

## Newspaper of 26 September, 2023

### प्रो. अल्पना कटेजा राजस्थान विश्वविद्यालय की पहली स्थायी महिला कुलपति नियुक्त हुईं–

हाल ही में राज्यपाल कलराज मिश्र ने प्रो. अल्पना कटेजा को राजस्थान विश्वविद्यालय की कुलपति नियुक्त किया है। वे विश्वविद्यालय की पहली स्थायी महिला कुलपति हैं। इनसे पहले प्रो. कान्ता आहूजा यहाँ अस्थायी कुलपति रह चुकी हैं। अल्पना कटेजा राजस्थान विश्वविद्यालय में 44वीं कुलपति हैं। गौरतलब है कि राजस्थान विश्वविद्यालय को 8 जनवरी, 1947 को स्थापना के बाद 76 साल में पहली बार स्थायी महिला कुलपति मिली है।

## Newspaper of 27 September, 2023

### राजस्थान साहित्य अकादमी, उदयपुर ने वर्ष 2023-24 के वार्षिक पुरस्कारों की घोषणा की–

26 सितम्बर, 2023 को राजस्थान साहित्य अकादमी ने वर्ष 2023-24 के लिए वार्षिक पुरस्कारों की घोषणा की। पुरस्कार निम्न को दिए गए–

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

| क्र. | पुरस्कार का शीर्षक | रचनाकार | कृति | विधा | वर्तमान पुरस्कार राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | मीरा पुरस्कार | रत्नकुमार सांभरिया | सांप | उपन्यास | 75,000 |
| 2. | सुधीन्द्र पुरस्कार | चेतन औदिच्य | पानी | कविता | 31,000 |
| 3. | रांगेय राघव पुरस्कार | पुरुषोत्तम पोमल | पाषाण पुत्री क्षत्राणी हीरा-दे | उपन्यास | 31,000 |
| 4. | देवराज उपाध्याय पुरस्कार | हरीश बी. शर्मा | प्रस्थान बिन्दु | आलोचना | 31,000 |
| 5. | कन्हैयालाल सहल पुरस्कार | राघवेन्द्र रावत | मारक लहरों के बीच | डायरी | 31,000 |
| 6. | देवीलाल समर पुरस्कार | रास बिहारी गौड़ | गांधी जिंदा है | नाटक | 31,000 |
| 7. | शंभुदयाल सक्सेना पुरस्कार | रोचिका अरुण शर्मा | किताबों से बातें | कहानी | 31,000 |
| 8. | सुमनेश जोशी पुरस्कार | बिलाल पठान | अब पेड़ फल बेचेंगे | कविता | 21,000 |

■ **मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने जोधपुर में मारवाड़ इंटरनेशनल सेंटर का लोकार्पण किया–**

25 सितम्बर, 2023 को मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने जोधपुर मारवाड़ इंटरनेशनल सेंटर का लोकार्पण किया। मारवाड़ इंटरनेशनल सेंटर क्षेत्र की सांस्कृतिक एवं वैचारिक आदान-प्रदान की प्रक्रिया को आगे बढ़ाने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

**मारवाड़ इंटरनेशनल सेंटर विशेष –**

- 65,000 वर्गमीटर भूमि पर निर्मित
- 1,350 व्यक्तियों की बैठक क्षमता
- 2 डोरमेट्री कलाकारों के लिए
- 25-25 क्षमता के दो ग्रीन रूम
- 5,850 वर्गमीटर क्षेत्रफल के 2 बेंक्वेट लॉन और एग्जिबिशन सेंटर
- 64 व्यक्तियों की क्षमता वाले दो सेमिनार और दो कॉन्फ्रेंस हॉल
- 582 कार और 505 दोपहिया वाहन एवं 8 बसों की पार्किंग व्यवस्था
- कल्चरल सेंटर में आर्ट, फोटोग्राफी गैलेरी, लाइब्रेरी, पेन्टिंग स्टूडियो एवं एक वीआईपी लॉउंज है। आगंतुकों के लिए दो रेस्टोरेंट
- आगन्तुकों के लिए 14 गेस्ट रूम

■ **राजस्थान खेल युवा महोत्सव का आयोजन 1 अक्टूबर से 3 अक्टूबर तक होगा–**

राजस्थान खेल युवा महोत्सव का 1 से 3 अक्टूबर तक जयपुर स्थित सवाई मानसिंह स्टेडियम में मनाया जाएगा। इस महोत्सव का मुख्य उद्देश्य राज्य के प्रतिभाशाली युवा कलाकारों की खोज करना है और उन्हें प्रशिक्षण एवं सुविधा देकर राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए तैयार करना है। इस युवा महोत्सव में लगभग 15 हजार से अधिक युवा भाग लेंगे। इस महोत्सव में नृत्य, वाद-विवाद, योग, मार्शल आर्ट, चित्रकला आदि की प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जाएंगी। युवा बोर्ड का नया लोगो भी जारी किया गया।

■ **राजस्थान में विभिन्न क्षेणी के 11 न्यायालय खोले जाएंगे–**

हाल ही में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने राज्य में विभिन्न श्रेणी के 11 नए न्यायालय खोले जाने की स्वीकृति दी है। ये निम्न स्थानों पर खुलेंगे–

- बीकानेर के खाजूवाला और जोधपुर के बालेसर में अतिरिक्त जिला एवं सेशन न्यायाधीश न्यायालय खोले जाएंगे।
- पाली के मारवाड़ जंक्शन, बांसवाड़ा के बागीदौरा, भरतपुर के सीकरी एवं जयपुर के जोबनेर में वरिष्ठ सिविल न्यायालय और अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायालय खोले जाएंगे।
- बाड़मेर के शिव, मेड़ता न्याय क्षेत्र के खींवसर, बालोतरा न्याय क्षेत्र के सिणधरी में सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायालय खोले जाएंगे।
- अजमेर के किशनगढ़ में विशेष न्यायिक मजिस्ट्रेट (एनआई एक्ट प्रकरण) न्यायालय तथा श्रीगंगानगर में वाणिज्यिक न्यायालय खोले जाएंगे।

**Newspaper of 29 September, 2023**

■ **राजीव गांधी ग्रामीण एवं शहरी ओलंपिक खेलों का समापन हुआ; हनुमानगढ़ सर्वाधिक मेडल के साथ चैंपियन रहा–**

28 सितम्बर, 2023 को राजीव गांधी ग्रामीण एवं शहरी ओलंपिक खेलों का समापन हुआ। समापन का राज्य स्तरीय आयोजन जोधपुर में हुआ। सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले 163 खिलाड़ियों को गोल्ड मेडल दिया गया। हनुमानगढ़ सर्वाधिक मेडल के साथ चैंपियन रहा।

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

राजीव गांधी ग्रामीण एवं शहरी ओलंपिक 2023 का 5 अगस्त, 2023 को एसएमएस स्टेडियम जयपुर से शुभारम्भ किया गया था। इन खेलों में लगभग 58.51 लाख से अधिक लोगों ने खेलने के लिए पंजीकरण करवाया था।

खेल के अनुसार चैंपियन रहे जिले–

| खेल | महिला वर्ग | पुरुष वर्ग |
|---|---|---|
| कबड्डी | जयपुर | चूरू |
| टेनिस बॉल क्रिकेट | हनुमानगढ़ | दूदू |
| वॉलीबॉल | हनुमानगढ़ | चूरू |
| फुटबॉल | हनुमानगढ़ | झुँझुनूँ |
| बास्केटबॉल | सीकर | बाड़मेर |
| रस्सा-कशी | नागौर | – |
| खो-खो | नीमकाथाना | – |
| शूटिंग बॉल | – | हनुमानगढ़ |
| एथलेटिक्स | | |
| 100 मीटर | शीतल चौहान, बीकानेर | राजपाल जाट, भीलवाड़ा |
| 200 मीटर | एकता, हनुमानगढ़ | सूरज चावरिया, पाली |
| 400 मीटर | सुमित्रा, अनूपगढ़ | लोकेश पारीक, अजमेर |

### ■ ग्रामीण पर्यटन में बेहतर कार्य के लिए राजस्थान के दो गाँवों को राष्ट्रीय पुरस्कार मिला–

28 सितम्बर, 2023 को विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर राजस्थान के दो गाँवों को राष्ट्रीय पुरस्कार मिला है। यह पुरस्कार केन्द्रीय पर्यटन मंत्रालय द्वारा ग्रामीण पर्यटन के क्षेत्र में बेहतर कार्य के लिए दिए गए हैं। इसमें देश के कुल 35 गाँवों को पुरस्कृत किया गया है। राजस्थान के दो गाँवों में – चित्तौड़गढ़ के मीनल गाँव को रजत पुरस्कार एवं अलवर के नौरंगाबाद गाँव को कांस्य पुरस्कार मिला है। यह पुरस्कार पर्यटन के माध्यम से ग्रामीणों की सांस्कृतिक विरासत और सतत् विकास को बढ़ावा देने और संरक्षण के लिए दिए गए हैं।

### ■ वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय, कोटा को पहली बार 'NAAC' से 'ए' ग्रेड मिला–

हाल ही में वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय, कोटा को राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद् यानी 'NAAC' की ओर से 'ए' ग्रेड प्रदान किया गया है। अब वीएमओयू यूनिवर्सिटी 'ए' ग्रेड यूनिवर्सिटी हो गई है। यह 'ए' ग्रेड 5 वर्ष के लिए मिला है। उसके बाद पुनः 'NAAC' की टीम मूल्यांकन करेगी। VMOU यूनिवर्सिटी की स्थापना 1987 में की गई थी। गौरतलब है कि वर्तमान में राज्य के 29 सरकारी विश्वविद्यालयों में VMOU एकमात्र यूनिवर्सिटी है, जिसके पास 'ए' ग्रेड है।

### ■ जयपुर पुलिस कमिश्नरेट ने 'नजर' मोबाइल एप लॉन्च किया–

28 सितम्बर, 2023 को जयपुर पुलिस कमिश्नरेट ने 'नजर' मोबाइल एप लॉन्च किया है। इस एप में शहर के बाहर से आए स्टूडेन्ट, कामकाजी लोग या परिवार जो हॉस्टल, पीजी या घरों में किराए पर रह रहे हैं, उनकी जानकारी डिजिटल डेटाबेस में रखी जाएगी।

### ■ राज्यपाल कलराज मिश्र ने जयपुर स्थित खोले के हनुमान जी मंदिर में रोप-वे का लोकार्पण किया–

28 सितम्बर, 2023 को राज्यपाल कलराज मिश्र ने खोले के हनुमान जी मंदिर में रोप-वे का लोकार्पण किया। यह रोप-वे खोले के हनुमान जी मंदिर स्थित अन्नपूर्णा माता मंदिर से वैष्णो देवी माता मंदिर के लिए बना है। रोप-वे बनने से धार्मिक पर्यटन को गति मिलेगी।

## Newspaper of 30 September, 2023

### ■ कोटा में राजस्थान का दूसरा क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय खुला–

29 सितम्बर, 2023 को कोटा में राज्य का दूसरा क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय खुला है। इसका उद्घाटन केन्द्रीय विदेश राज्य मंत्री वी. मुरलीधरन ने किया। कोटा से पहले राजस्थान में केवल जयपुर में ही क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय था।

### ■ राज्य सरकार ने प्रशासन शहरों के संग अभियान-2021 की अवधि 31 मार्च, 2024 तक बढ़ाई–

30 सितम्बर, 2023 को राज्य सरकार में आदेश जारी कर प्रशासन शहरों के संग अभियान-2021 की अवधि 31 मार्च, 2024 तक बढ़ा दी है। पूर्व में यह अवधि 30 सितम्बर, 2023 थी।

### ■ मुख्य चुनाव आयुक्त ने स्वीप प्रदर्शनी का उद्घाटन किया–

30 सितम्बर, 2023 को भारत निर्वाचन आयोग के मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार, निर्वाचन आयुक्त अनूपचंद्र पाण्डेय और अरुण गोयल ने जयपुर के राज्य कृषि प्रबंधन संस्थान, दुर्गापुरा में निर्वाचन विभाग की ओर से लगाई स्वीप प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। इसमें बाड़मेर की 200 फीट लम्बी जागरुकता मतदाता फड़ एवं नव मतदाताओं को जागरुक करने के लिए ELC क्लब कार्टून और वर्चुअल रियलिटी विशेष आकर्षण का केन्द्र रहे।

### ■ राजस्थान ललित कला अकादमी पुरस्कारों की घोषणा हुई–

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

सितम्बर, 2023 में राजस्थान ललित कला अकादमी की 64वीं वार्षिक कला प्रदर्शनी के निर्णायक मण्डल ने राज्य के 10 कलाकारों की कलाकृतियों को पुरस्कार योग्य घोषित किया है। पुरस्कार विजेताओं में डॉ. अमिता राज गोयल (रिक्रियेटिंग नेचर-2), दिशांक शर्मा (स्मृति), महेश कुमार कुमावत (सनातन), शिखा (देयर ईज समथिंग), सोम्य यादव (साईनम ऑफ सैल्फ), नकुल गोदारा (शेडो), अमर प्रजापति (जयपुर अरावली-1), प्रभु लाल गमेती (अनटाईटल्ड-2), उदित अग्निहोत्री (किंगडम), दीपिका रावजानी (लाइफ एण्ड डेथ) शामिल हैं।

पुरस्कार विजेता 10 कलाकरों को ₹ 25-25 हजार के नकद पुरस्कार, प्रमाण-पत्र एवं स्मृति-चिह्न प्रदान किए जाएँगे।

### ■ नागौर जिले के खींवसर में लाइमस्टोन के भंडार मिले–

हाल ही में नागौर जिले के खींवसर तहसील में लाइमस्टोन के 163.77 मिलियन टन के नए डिपोजिट्स मिले हैं। इससे पूर्व नागौर के ही नागौर और डेह तहसील में हरीमा, खेतोला, पीथासिया, सरासनी, सोमणा और खेतोलाव आदि में 335 लाख मिलियन टन लाइमस्टोन के भण्डार मिले थे। नागौर की खींवसर तहसील के हरिपुरा, जोरावरपुरा, खोड़वा में लाइमस्टोन के 51 ब्लॉक्स तैयार किए गए हैं। 365.27 हैक्टेयर क्षेत्र के इन ब्लॉकों में 163.77 मिलियन टन लाइमस्टोन डिपोजिट का आंकलन किया गया है।

### ■ संगीत नाटक अकादमी अमृत पुरस्कार–

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने देश की प्रदर्शन कला के क्षेत्र के 84 ऐसे कलाकारों को संगीत नाटक अकादमी अमृत पुरस्कार प्रदान किए, जो 75 वर्ष से अधिक आयु के हैं और जिन्हें अपने अब तक के कॅरियर में कोई भी राष्ट्रीय सम्मान प्रदान नहीं किया गया है। सम्मानित हस्तियों में 70 पुरुष व 14 महिलाएँ शामिल थीं। इनमें राजस्थान के विजेताओं की सूची इस प्रकार है–

सरताज नारायण माथुर (थियेटर), भारत रत्न भार्गव (थियेटर), धोधे खान (लोक संगीत, राजस्थान; अलगोजा वादक), हाकिम खान (लोक संगीत, राजस्थान), गिरधारी महाराज (कथक)।

'संगीत नाटक अकादमी अमृत पुरस्कार' एक राष्ट्रीय सम्मान है, जो प्रदर्शन कला के क्षेत्र के कलाकारों के साथ-साथ शिक्षकों और विद्वानों को भी प्रदान किया जाता है।

इसमें पुरस्कार स्वरूप ₹ 1,00,000 की नकद राशि के अलावा एक ताम्र-पत्र और अंगवस्त्रम् प्रदान किया जाता है।


□□□

संजीव प्रकाशन
संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

# संजीव®

**48 वर्षों से आपका विश्वसनीय**

## आपकी सफलता में सदैव आपका सहयोगी




## मनोहर सिंह कोटड़ा
### की प्रसिद्ध पुस्तक
## राजस्थान सार संग्रह

7 अगस्त, 2023 को अधिसूचित 10 संभागों एवं 50 जिलों पर आधारित।



**संजीव वेबसाइट से परीक्षा उपयोगी पाठ्य सामग्री निःशुल्क डाउनलोड करें।**

**साथ ही संजीव वेबसाइट से आप Books एवं E-Book भी खरीद सकते हैं।**

प्रकाशक–संजीव प्रकाशन, जयपुर

Visit us at : www.sanjivprakashan.com